भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1287

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2023 को दिया जाना है

राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति योजना के अंतर्गत अध्येतावृत्ति राशि में वृद्धि

1287 डा. सांतनु सेन :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति (आरआरएफ) योजना के अंतर्गत अध्येतावृत्ति राशि, अवधि या स्लॉट की संख्या बढ़ाने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति (आरआरएफ) योजना का लाभ उठाने में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य हाशिए पर रहने वाले वर्गों को बढांवा देने के लिए कोई प्रावधान है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या राजा रमन्ना अध्येतावृत्ति (आरआरएफ) योजना के लिए आवेदन करने के लिए संभावित उम्मीदवारों को जागरूक करने और प्रोत्साहित करने के लिए कोई जागरूकता या आउटरीच कार्यक्रम है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) व (ख) आरआरएफ योजना के तहत अध्येतावृत्ति राशि हाल ही में वर्ष 2017 में संशोधित की गई है।

(ग) व (घ) यह योजना डीएई या गैर-डीएई संस्थानों से सेवानिवृत्त प्रतिभा संपन्न सभी भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए उपलब्ध है और इसमें अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान या महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में कार्यरत महिलाएं, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य वंचित वर्ग सहित सभी व्यक्ति शामिल हैं। इस योजना के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाती है जो किसी भी प्रमुख विज्ञान या इंजीनियरिंग शिक्षाविदों के अध्येता हैं।

(ङ) राजा रामन्ना अध्येतावृत्ति योजना परमाणु ऊर्जा विभाग की वेबसाइट https: //rrf.dae.gov.in/RRF/docs/Dae_RRF_Sceme_Details.pdf और बीआरएनएस वेबसाइट: https://brns.res.in/brns_dae.php पर हमेशा के लिए उपलब्ध है।

* * * * *